**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2588**
**2 अगस्त, 2022 को उत्तरार्थ**

**सहकारी ढांचे का मजबूत करना**

**2588. श्री रितेश पाण्डेय:**

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की उत्तर प्रदेश राज्य में सहकारी ढांचे को मजबूत करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या उत्तर प्रदेश में सहकारी ढांचे को मजबूत करने के लिए कोई धनराशि आवंटित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)**

(क) और (ख) जी हां, मान्यवर । सहकारी क्षेत्र को पुन:सक्रिय करने, पारदर्शिता लाने, आधुनिकीकरण, कंप्यूटरीकरण और सहकारी समितियों में प्रतिस्पर्धा लाकर इसकी पहुंच को उत्तर प्रदेश राज्य सहित देश भर में जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए सहकारिता मंत्रालय अनेक पहल कर रहा है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ 2,516 करोड़ रुपए के कुल अनुमानित व्यय से 63,000 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के कंप्यूटरीकरण की एक अखिल भारतीय परियोजना का शुभारंभ करना, पैक्स को बहुउद्देशीय जीवंत आर्थिक इकाई बनाने के लिए पैक्स के प्रारूप उपनियम बनाना, सहकारी समितियों के सर्वांगीण विकास के लिए सहकार से समृद्धि योजना बनाना, सहकारी शिक्षण और प्रशिक्षण को आधुनिक और पेशेवर बनाने की योजना बनाना, आदि शामिल हैं । देश में सहकारी आंदोलन को सशक्त करने के लिए मंत्रालय एक नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति ला रहा है तथा सभी हितधारकों के परामर्श से राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पर भी कार्य कर रहा है ।

मंत्रालय की सभी योजनाएं उत्तर प्रदेश राज्य सहित देश के सभी राज्यों की सहकारी समितियों को पुन:सक्रिय करने के लिए अभिमुख है । वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) ने उत्तर प्रदेश राज्य में सहकारी समितियों के विकास के लिए 252.33 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी है । इसका विवरण निम्नानुसार है:

| **क्रम सं.** | **कार्यकलाप** | **निर्गत राशि (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|
| 1 | 15 जिलों में एकीकृत सहकारी विकास परियोजनाएं (आईसीडीपी) | 50.08 |
| 2 | एमएसपी प्रचालन हेतु प्रादेशिक सहकारी संघ लि. (पीसीयू), लखनऊ को सहायता | 200.00 |
| 3 | किसान उत्पादक संघों (एफपीओ) का गठन और संवर्धन | 0.84 |
| 4 | प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) की कार्यशालाएं | 0.03 |
| 5 | जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों (डीसीसीबी) का कंप्यूटरीकरण | 1.38 |
| | **कुल** | **252.33** |

उपर्युक्त के अलावा, उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कुल 82 प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए, जिसके माध्यम से 3,071 प्रतिभागियों के क्षमता निर्माण में मदद मिली ।

*****